# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–16.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र आज से शुरू हो गया है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी बनाने और परिसीमन आयोग के गठन के लिए तीन नए विधेयक पेश किए। इनके माध्यम से लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करने और महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का प्रस्ताव है। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने इनका विरोध करते हुए आरोप लगाया कि ये विधेयक देश के संघीय ढांचे को कमजोर करेंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष की आपत्तियों को तकनीकी आधार पर खारिज कर दिया।

********************

लोकसभा में विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने जोर देकर कहा कि केन्द्र सरकार महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि हमारे पास सामाजिक न्याय के लिए नीति और नीयत भी है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसे बड़े नेता भी हैं। श्री मेघवाल ने कहा कि घर आंगन से संसद तक नारी शक्ति की भागीदारी होगी।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सीबीएसई दसवीं की बोर्ड परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के होनहार विद्यार्थियों का बेहतर प्रदर्शन अत्यंत गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्कूलों में समग्र और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है, ताकि हर बच्चे को बेहतर अवसर मिल सके।

********************

चाईबासा के सारंडा जंगलों में नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच दूसरे दिन भी मुठभेड़ जारी है। नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में आज सीआरपीएफ कोबरा बटालियन का एक और जवान घायल हो गया, जिसे एयरलिफ्ट कर रांची लाया जा रहा है। इस अभियान में अब तक कुल पांच जवान घायल हो चुके हैं।

********************

भाजपा ने उत्पाद सिपाही परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले की सीबीआई से जांच की मांग दोहरायी है। विधायक नवीन जायसवाल और अमित मंडल ने रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित कर आरोप लगाया कि जेएसएससी और पुलिस मामले की लीपापोती करने में जुटी है।

********************

जामताड़ा जिले में विधि व्यवस्था संधारण, अपराध नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर आज उपायुक्त रवि आनंद और पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने संयुक्त रूप से अठारह पेट्रोलिंग बाइक को रवाना किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में आपराधिक घटनाओं में कमी लाने को लेकर जिला पुलिस प्रशासन हरसंभव प्रयास कर रहा है।

********************

रांची में अंतर जिला अंडर–19 महिला क्रिकेट प्रतियोगिता 2025–26 के लिए रांची जिला टीम के 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। टीम का पहला मुकाबला 18 अप्रैल को पाकुड़ में लोहरदगा के खिलाफ खेला जाएगा।

********************

अप्रैल के महीने में मौसम का मिजाज लोगों को चौंका रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र के पुर्वानुमान के मुताबिक आज और कल राज्य के कई इलाकों में बारिश हो सकती है। वज्रपात और आंधी को लेकर भी चेतावनी जारी की गयी है। तापमान में हालांकि तीन दिनों के दौरान दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है। पलामू, गढ़वा, चतरा और लातेहार समेत कई जिलों में उन्नीस और बीस अप्रैल को हीट वेव चलने की आशंका है, जिसे लेकर मौसम विज्ञान केन्द्र ने येलो अलर्ट जारी किया है। केन्द्र ने तात्कालिक पूर्वानुमान के मुताबिक अगले कुछ घंटों के दौरान बोकारो, गिरिडीह, हजारीबाग और रामगढ़ के कुछ हिस्सों में गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। इस दौरान वज्रपात होने की भी आशंका है।

*******समाप्त***********